आकाशवाणी केन्द्र शिमला

12.07.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09:20 बजे

कैबिनेट

प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक आज शिमला में होगी। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसलों पर मोहर लग सकती है। जानकारी के अनुसार कैबिनेट बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन सहित अन्य विभागों से जुड़े प्रस्तावों पर चर्चा होने की उम्मीद है।

मतगणना

प्रदेश के तीन विधानसभा क्षेत्रों देहरा, हमीरपुर और नालागढ़ में हुए उपचुनाव के मतों की गणना कल यानी शनिवार को होगी। इसके लिए राज्य निर्वाचन विभाग की ओर से सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग ने बताया कि मतगणना सुबह 8 बजे से आरंभ होगी और मतगणना पूरी होने के तुरंत बाद चुनाव परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि ईवीएम को कड़ी सुरक्षा के बीच रखा गया है और इनकी सीसीटीवी कैमरों से भी निगरानी की जा रही है। तीनों विधानसभा क्षेत्रों में बीते 10 जुलाई को मतदान हुआ था।

अग्निवीर

केंद्रीय बल पूर्व अग्निवीरों के लिए दस प्रतिशत आरक्षण लागू करेंगे। अग्निपथ योजना पर बहस के बीच केंद्रीय बलों ने घोषणा की है कि वे पूर्व अग्निवीरों के लिए दस प्रतिशत आरक्षण लागू करेंगे। सीमा सुरक्षा बल, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल और सशस्त्र सीमा बल जैसे केंद्रीय बलों के प्रमुखों ने कहा कि पूर्व अग्निवीरों को आयु में छूट मिलेगी और उनके लिए कोई शारीरिक दक्षता परीक्षा भी नहीं होगी। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की महानिदेशक नीना सिंह ने कहा कि गृह मंत्रालय ने केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में पूर्व अग्निवीरों की भर्ती का एक बड़ा कदम उठाया है। उन्होंने कहा कि सी.आई.एस.एफ. ने भी इस संबंध में सभी प्रबंध कर लिए हैं। नीना सिंह ने बताया कि कांस्टेबल की दस प्रतिशत रिक्तियां पूर्व अग्निवीरों के लिए आरक्षित होंगी और उन्हें शारीरिक दक्षता परीक्षा में छूट दी जाएगी।

नीट–सीबीआई

केंद्रीय जांच ब्यूरो–सी.बी.आई. ने राकेश रंजन उर्फ रॉकी नाम के व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। उसे नीट पेपर लीक मामले का सरगना माना जा रहा है। आरोपी को 10 दिनों के लिए सी.बी.आई. की हिरासत में भेज दिया गया है। राकेश रंजन इस रैकेट के एक अन्य प्रमुख व्यक्ति संजीव मुखिया से भी जुड़ा हुआ है, जो दो दशकों से घोटाले में शामिल है और फरार है। रॉकी की गिरफ्तारी से सी.बी.आई.को जांच में मदद मिल सकती है। जांच एजेंसी ने अब तक झारखंड के हज़ारीबाग के स्कूल के प्रधानाचार्य और उप–प्रधानाचार्य सहित 12 लोगों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में सी.बी.आई. ने अब तक छह एफ.आई.आर. दर्ज की हैं।

चारधाम यात्रा

चारधाम तीर्थयात्री अब ई–स्वास्थ्य धाम पोर्टल पर अपना आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाता–आभा बना सकते हैं। उत्तराखंड सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग ने ई–स्वास्थ्य धाम पोर्टल शुरू किया है। इस पोर्टल से यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ की एक साथ यात्रा करने वाले तीर्थयात्रियों के स्वास्थ्य मापदंडों की निगरानी में मदद मिलेगी। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक विज्ञप्ति में कहा कि ई–स्वास्थ्य धाम पोर्टल तीर्थयात्रियों को आभा सहित कई लाभ प्रदान करता है। तीर्थयात्री पोर्टल पर आसानी से अपना 14–अंकीय आभा खाता बना सकते हैं। अब तक, 65 करोड़ से अधिक आभा खाते बनाए जा चुके हैं। आभा के माध्यम से नागरिक, पंजीकरण के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए लंबी कतारों से बचने से लेकर डॉक्टर से परामर्श तक की सुविधा सहित कई डिजिटल स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

जिला परिषद

लाहौल स्पीति जिला परिषद अध्यक्ष पद के लिए कल हुए चुनाव में बीना देवी को अध्यक्ष चुना गया। बीना देवी के पक्ष में कुल पांच वोट पड़े जबकि लाहौल स्पीति विकास मंच समर्थित सदस्यों ने इस चुनाव का बहिष्कार किया। ये पद अनुराधा राणा के विधायक बन जाने के कारण खाली हुआ था। बीना देवी ने कहा कि वह पूरी पारदर्शिता व निष्पक्ष होकर जिला परिषद अध्यक्ष की जिम्मेवारी निभाएंगी।

और अब सुर्खियां समाचार पत्रों से...............

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है।

शिक्षकों की भर्ती पर अमर उजाला की सुर्खी है–स्कूलों में दूर होगी शिक्षकों की कमी, दो हजार दो सौ जेबीटी–टीजीटी होंगे नियुक्त। पंजाब केसरी लिखता है–3 हजार 7 सौ से अधिक सिंगल–विदाऊट टीचर स्कूलों में होगी शिक्षकों की तैनाती। दैनिक जागरण का शीर्षक है–दो किलोमीटर की दूरी पर दूसरा स्कूल तो ही होगा मर्ज। दिव्य हिमाचल के शब्द हैं–प्रदेश के 8 सौ स्कूल होंगे मर्ज।

दैनिक जागरण ने खबर दी है–टीजीटी अध्यापकों को राहत, 2003 से सभी लाभ मिलेंगे, हाईकोर्ट ने खारिज की दलीलें। वहीं दिव्य हिमाचल का कहना है–हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने दिए आदेश, टीजीटी अध्यापकों को परीक्षा पास करने की तारीख से दो सारे लाभ।

हिमाचल दस्तक ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के हवाले से लिखा है–प्रदेश को हरित ऊर्जा राज्य बनाने में सौर परियोजनाएं महत्वपूर्ण। जबकि आपका फैसला के शब्द हैं–सौर ऊर्जा परियोजनाएं प्रदेश को हरित ऊर्जा राज्य बनाने में निभाएंगे महत्वपूर्ण भूमिका।

मौसम पर दैनिक भास्कर ने लिखा है–प्रदेश में 25 फीसदी कम हुई बारिश, तीन दिन भारी बारिश का अलर्ट।